★ माननीय रेल राज्य मंत्री श्री भरतसिंह सोलंकी छोटी लाइन से बड़ी लाइन में नवरूपांतरित बोडेली-छोटाउदेपुर खंड का शुभारम्भ प्रस्थान संकेत देकर एवं हरी झंडी दिखाकर करते हुए। उनके साथ माननीय पूर्व रेल राज्य मंत्री श्री नारणभाई राठवा तथा अन्य अतिथिगणों के अलावा मंडल रेल प्रबंधक श्री ए.के. श्रीवास्तव भी दिखाई दे रहे हैं।

माननीय रेल राज्य मंत्री श्री सोलंकी द्वारा छोटी लाइन से बड़ी लाइन में नवरूपांतरित बोडेली-छोटाउदेपुर खंड का शुभारम्भ

पश्चिम रेलवे के प्रतापनगर रेलवे स्टेशन पर शनिवार, 26 फरवरी, 2011 को आयोजित एक समारोह में भारत सरकार के माननीय रेल राज्य मंत्री श्री भरतसिंह सोलंकी द्वारा बोडेली और छोटाउदेपुर के बीच नवरूपांतरित रेल खंड तथा बोडेली से छोटाउदेपुर तक विस्तारित रेल सेवाओं का शुभारम्भ किया गया। इस अवसर पर वडोदरा की माननीया महापौर डॉ. ज्योति पंड्या, माननीय सांसद श्री बालकृष्ण शुक्ल, माननीय विधायक श्री भूपेन्द्रभाई लाखावाला, पश्चिम रेलवे के तत्कालीन अपर महाप्रबंधक श्री एस. के. शर्मा, वडोदरा मंडल के मंडल रेल प्रबंधक श्री ए. के. श्रीवास्तव एवं अन्य वरिष्ठ रेल अधिकारियों सहित अनेक गणमान्य अतिथि तथा विभिन्न प्रेस एवं मीडिया प्रतिनिधि भी उपस्थित थे। पश्चिम रेलवे के तत्कालीन अपर महाप्रबंधक श्री एस. के. शर्मा ने अतिथियों का स्वागत किया तथा वडोदरा मंडल के मंडल रेल प्रबंधक श्री ए. के. श्रीवास्तव ने सभी का आभार व्यक्त किया। समारोह का मंच संचालन पश्चिम रेलवे के जनसम्पर्क अधिकारी श्री गजानन महतपुरकर ने किया। भारतीय रेल एक बहुआमान प्रणाली के रूप में विकसित हुई। बहुआमान प्रणाली को अपनाने के पीछे भारत के विभिन्न हिस्सों में रेल यातायात की तत्कालीन सम्भावनाओं एवं आर्थिक परिस्थितियों को आधार माना गया। कालांतर में परिस्थितियाँ एवं आवश्यकताएँ बदलीं और इनके अनुरूप भारतीय रेल प्रणाली ने समान गेज नीति को अपनाने का दूरदर्शी निर्णय लिया। समान गेज नीति के कारण मीटर या छोटी लाइनों से सेवित विभिन्न क्षेत्रों में न केवल विकास के नये द्वार खुले हैं, बल्कि इंजन बदलने की समस्याओं से भी छुटकारा मिला है। इसी क्रम में देश के सबसे पुराने छोटे लाइन खंडों में से एक छोटाउदेपुर-प्रतापनगर रेल खंड की नैरोगेज लाइन को बड़ी रेल लाइन में रूपांतरित करने का निर्णय रेल मंत्रालय द्वारा लिया गया और इसी परियोजना के अंतर्गत भारत सरकार के माननीय रेल राज्य मंत्री श्री भरतसिंह सोलंकी के हाथों नवरूपांतरित बोडेली-छोटाउदेपुर खंड का शुभारम्भ किया गया।

★**हेरिटेज छोटी लाइन खंड:** प्रतापनगर-छोटाउदेपुर छोटी लाइन खंड निम्नांकित चार विभिन्न चरणों में खोला गया था : 1. डभोई-संखेड़ा बहादुरपुर छोटी लाइन खंड (15.32 कि.मी.) 17 सितम्बर, 1879 को खोला गया था। 2. डभोई-गोयागेट (जो अब प्रतापनगर के रूप में जाना जाता है।) (27.36 कि.मी.) 1 जुलाई, 1880 को खोला गया था। 3. संखेड़ा बहादुरपुर-बोडेली खंड (20.46 कि.मी.) 16 जनवरी, 1890 को खोला गया था। 4. बोडेली-छोटाउदेपुर खंड (36.15 कि.मी.) 1 दिसम्बर, 1917 को खोला गया था।

★**बोडेली-छोटाउदेपुर आमान परिवर्तन:** प्रतापनगर से छोटाउदेपुर के बीच छोटी लाइन को बड़ी लाइन में रूपांतरित करने का कार्य चार वर्षों की रिकॉर्ड समयावधि में पूरा किया गया। इस खंड पर सभी पुलों का पुनर्निर्माण भी किया गया। परियोजना के लिए अधिक भू-अधिग्रहण की आवश्यकता नहीं पड़ी, जिससे इस दौरान स्थानीय किसानों तथा निवासियों को किसी भी प्रकार की कठिनाई का सामना नहीं करना पड़ा। यह परियोजना तीन चरणों में पूर्ण की गई है, जिसमें प्रतापनगर-डभोई (28 कि.मी.) खंड 2 अक्टूबर, 2008 को तथा डभाई-बोडेली खंड (36 कि.मी.) 15 अप्रैल, 2010 को यात्री यातायात के लिए खोला गया। अब बोडेली-छोटाउदेपुर खंड (36 कि.मी.) को भी आज 26 फरवरी, 2011 से यात्री यातायात के लिए खोला जा रहा है। इसके साथ ही सम्पूर्ण प्रतापनगर-छोटाउदेपुर (99.71 कि.मी.) खंड का आमान परिवर्तन का कार्य पूर्ण हो गया है।

★**मुख्य विशेषताएँ :- बोडेली-छोटाउदेपुर आमान परिवर्तन:** ● लम्बाई : 36.15 कि.मी., ● स्टेशनों की संख्या :6, ● कुल लागत: 124 करोड़ रु., ● अधिकतम गति क्षमता : 100 कि.मी/घंटा।

★**सामाजिक - आर्थिक विकास:** छोटाउदेपुर-प्रतापनगर खंड का आमान परिवर्तन हो जाने से व्यापार और उद्योगों को फलने-फूलने में सहायता मिल रही है, जिसके परिणामस्वरूप इस क्षेत्र के उन लोगों को रोजगार के अधिक अवसर मिल रहे हैं, जिन्हें रोज़ी-रोटी की तलाश में दूसरे स्थानों पर जाना पड़ता था। इस क्षेत्र की आबादी को उनके कल्याण और विकास की दृष्टि से राष्ट्रीय मुख्य धारा में शामिल करने के लिए भी यह एक महत्त्वपूर्ण कदम सिद्ध हुआ।

★**दो जोड़ी पैसेंजर ट्रेनों का बोडेली से छोटाउदेपुर तक विस्तार:** वर्तमान में प्रतापनगर से बोडेली के बीच सवारी गाड़ियाँ चलाई जा रही हैं। बोडेली से छोटाउदेपुर के मध्य आमान परिवर्तन का कार्य पूर्ण होने के बाद प्रतापनगर-बोडेली के मध्य चलने वाली 59118/59119 तथा 59120/59121 पैसेंजर ट्रेनों के विस्तार का शुभारम्भ माननीय रेल राज्य मंत्री श्री भरतसिंह सोलंकी के हाथों किया गया। इन ट्रेनों के विस्तार के साथ ही छोटाउदेपुर अब प्रतापनगर के साथ बड़ी लाइन की ट्रेनों के माध्यम से जुड़ गया।